
# छात्रों को राजनीतिक मोहरा न बनाएं

**नई दिल्ली, 22 जुलाई. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देश में छात्रों और युवाओं से जुड़े मुद्दों पर चल रही राजनीतिक बहस के बीच विपक्ष पर तीखा निशाना साधा है. उन्होंने कहा कि कुछ राजनीतिक दल अपने स्वार्थ की पूर्ति के लिए छात्रों और युवाओं का उपयोग कर रहे हैं, जो उचित नहीं है. उन्होंने स्पष्ट कहा कि युवाओं को राजनीतिक मोहरा बनाने के बजाय उनके भविष्य और विकास पर ध्यान दिया जाना चाहिए.**

राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने और उनके कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है. उन्होंने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए भी संकल्पबद्ध है कि किसी भी युवा या छात्र के साथ अन्याय न हो. उनके अनुसार, युवाओं के हितों की रक्षा करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और इस दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं. रक्षा मंत्री ने विपक्ष से अपील करते हुए कहा कि लोकतंत्र में संवाद और चर्चा का सबसे उपयुक्त मंच संसद है. यदि किसी विषय पर सवाल या मतभेद हैं तो उन्हें संसद के भीतर उठाया जाना चाहिए, न कि सड़कों पर आंदोलन के जरिए राजनीतिक माहौल बनाया जाना चाहिए.

### आज युवा पहले की तुलना में अधिक जागरूक




उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाओं का सम्मान करते हुए सभी दलों को संवैधानिक प्रक्रिया के तहत अपनी बात रखनी चाहिए. राजनाथ ने यह भी कहा कि देश का युवा आज पहले की तुलना में अधिक जागरूक और समझदार है. वह राजनीतिक स्वार्थ और राष्ट्रहित के बीच का अंतर अच्छी तरह समझता है. उन्होंने विश्वास जताया कि देश के युवा विकास, शिक्षा, रोजगार और राष्ट्र निर्माण को प्राथमिकता देंगे तथा किसी भी प्रकार की भ्रामक राजनीति का हिस्सा नहीं बनेंगे.

### धर्मेंद्र प्रधान के कार्यकाल में विफलता: कांग्रेस



कांग्रेस ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पर आरोप लगाया है कि उनके इस्तीफे की मांग किसी एक मुद्दे पर आधारित नहीं है, बल्कि शिक्षा मंत्रालय में उनके कार्यकाल के दौरान सामने आई विफलताओं और कथित भ्रष्टाचार की लंबी श्रृंखला के कारण की जा रही है. कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने बुधवार को यहां एक बयान में श्री प्रधान पर कड़ा हमला करते हुए कहा कि वह एक उदासीन, असंवेदनशील, अयोग्य और आदतन झूठ बोलने वाले व्यक्ति हैं.

### प्रधानमंत्री आवास धरना गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार



वहीं, भाजपा के नेता रविशंकर प्रसाद ने बुधवार को यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बिना इजाजत जबरदस्ती प्रधानमंत्री आवास के द्वार पर धरना दिया. उनके पिता, दादी और परदादा प्रधानमंत्री रह चुके हैं. उन्हें प्रधानमंत्री आवास की गरिमा का पता है, फिर भी उन्होंने गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार किया. श्री प्रसाद ने कहा, देश के लोकतांत्रिक इतिहास में सचमुच यह एक शर्मनाक दिन था.

# पीएम मोदी से मिले चंद्रबाबू नायडू

**नई दिल्ली, 22 जुलाई. आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की. इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री को भगवान तिरुपति बालाजी की प्रतिमा का हस्तनिर्मित चित्र भेंट किया, जो आंध्र प्रदेश की पारंपरिक शिल्पकला का उत्कृष्ट उदाहरण माना जाता है. प्रधानमंत्री कार्यालय ने भी सामाजिक माध्यम एक्स पर दोनों नेताओं की मुलाकात की जानकारी साझा की.**



यह मुलाकात भोगापुरम अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के उद्घाटन से पहले हुई है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 1 अगस्त को इस महत्वाकांक्षी परियोजना का उद्घाटन करेंगे. मुख्यमंत्री नायडू ने हाल ही में कहा था कि यह हवाईअड्डा उत्तर आंध्र के आर्थिक विकास की दिशा बदलने वाला साबित होगा. वर्ष 2014 में शुरू हुई इस परियोजना को वर्तमान गठबंधन सरकार ने तेजी से पूरा कराया है.

राज्य सरकार उद्घाटन समारोह को भव्य बनाने की तैयारियों में जुटी है. मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक कर कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया. बैठक में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजारापु राम मोहन नायडू, राज्य मंत्री नादेंदला मनोहर, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तथा निर्माण कंपनी के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे.



# असम में बाढ़ का कहर, 21 की मौत

**गुवाहाटी, 22 जुलाई.** असम में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण बाढ़ की स्थिति बेहद गंभीर हो गई है. राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, पिछले 24 घंटे में बाढ़ से 21 लोगों की मौत हो गई, जिससे इस वर्ष बाढ़ से मरने वालों की कुल संख्या बढ़कर 31 हो गई है. राज्य के बिस्वनाथ, चराइदेव, धेमाजी, डिब्रूगढ़, गोलाघाट, जोरहाट, कामरूप, कामरूप महानगर, कार्बी आंगलोंग, नगांव, शिवसागर और तिनसुकिया सहित 12 जिले बाढ़ से प्रभावित हैं. इन जिलों में 5 लाख 64 हजार 600 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं. सबसे अधिक 13 मौतें शिवसागर जिले में दर्ज की गई हैं, जिनमें चार महिलाएं और दो बच्चे शामिल हैं.

# जंतर-मंतर पर छात्रों के साथ खड़े हुए केजरीवाल

## पुलिस कार्रवाई पर केजरीवाल ने उठाए सवाल

**नई दिल्ली, 22 जुलाई. आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल बुधवार को राजधानी के जंतर-मंतर पहुंचे, जहां उन्होंने प्रदर्शन कर रहे छात्रों और युवाओं से मुलाकात कर उनके आंदोलन का समर्थन किया. इस दौरान उन्होंने मंच से छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र में युवाओं की आवाज को अनसुना नहीं किया जाना चाहिए.**

उन्होंने प्रदर्शनकारियों की मांगों को गंभीरता से सुनने और उनका समाधान निकालने की आवश्यकता पर जोर दिया.



केजरीवाल ने कहा कि देश के युवा अपने अधिकारों और भविष्य से जुड़े मुद्दों को लेकर आवाज उठा रहे हैं. ऐसे में सरकार और संबंधित एजेंसियों की जिम्मेदारी है कि वे उनकी बात सुनें और संवाद के माध्यम से समाधान तलाशें. उन्होंने छात्रों से बातचीत करते हुए उनकी समस्याओं और मांगों की जानकारी ली तथा भरोसा दिलाया कि उनकी आवाज को व्यापक स्तर तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा. इस मौके पर उन्होंने प्रदर्शनकारियों पर की गई पुलिस कार्रवाई की भी आलोचना की.

# सीबीआई के हलफनामे पर हाई कोर्ट ने जताया असंतोष

## राहुल गांधी की याचिका पर रिपोर्ट

**लखनऊ, 22 जुलाई. इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल के खिलाफ कथित आय से अधिक संपत्ति के आरोपों की जांच से जुड़े मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दाखिल हलफनामे पर असंतोष व्यक्त किया है.**

अदालत ने स्पष्ट कहा कि एजेंसी का जवाब उसके पूर्व आदेश के अनुरूप नहीं है और उसमें शिकायत पर अब तक की गई कार्रवाई तथा जांच की वास्तविक प्रगति का पर्याप्त विवरण उपलब्ध नहीं कराया गया है. न्यायमूर्ति आर.एस. चौहान और न्यायमूर्ति बी.आर. सिंह की खंडपीठ कर्नाटक निवासी एस. विग्नेश शिशिर द्वारा दायर आपराधिक रिट याचिका पर सुनवाई कर रही है. याचिका में राहुल गांधी के खिलाफ कथित आय से अधिक संपत्ति के मामले की जांच सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से कराने की मांग की गई है. सुनवाई के दौरान सीबीआई और ईडी ने अपने-अपने जवाबी हलफनामे अदालत में प्रस्तुत किए.

# बेटी बनी माता-पिता और बहन की कातिल



- लिव-इन साथी संग रची मौत की पूरी पटकथा
- एआई से रची गई खौफनाक हत्या की साजिश

**बेंगलुरु, 22 जुलाई. कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में सामने आए तिहरे हत्याकांड की जांच में रोज नए खुलासे हो रहे हैं. पुलिस का दावा है कि इस मामले के मुख्य आरोपी और उसकी लिव-इन साथी ने कथित तौर पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित चैटबॉट का उपयोग कर कई महीनों तक हत्या की योजना तैयार की.**

जांच के अनुसार, आरोपी ने कथित रूप से यह जानने की कोशिश की कि किसी व्यक्ति पर घातक हमला कैसे किया जाए, खून के निशान किस तरह मिटाए जाएं और शवों को कैसे ठिकाने लगाया जाए. इस मामले में गिरफ्तार युवती पर अपने माता-पिता और छोटी बहन की हत्या की साजिश में शामिल होने का आरोप है. जांच एजेंसियों का कहना है कि दोनों आरोपियों ने घटना से पहले डिजिटल माध्यमों का व्यापक इस्तेमाल किया.

# बस ने 4 को कुचला, 2 की मौत

**चंडीगढ़, 22 जुलाई.** पंजाब के पठानकोट जिले में जालंधर-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर कौंतरपुर के पास बुधवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया. एक निजी लग्जरी बस की चपेट में आने से स्कूटी पर सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई.

## एक नजर में


### ब्रिक्स देशों में एक्सपर्ट वर्किंग ग्रुप के गठन पर सहमति

**नयी दिल्ली.** नई भारत की ब्रिक्स 2026 अध्यक्षता के तहत मंगलवार को चंडीगढ़ में पारंपरिक, पूरक और एकीकृत चिकित्सा पर ब्रिक्स देशों की बैठक आयोजित हुई. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और आयुष मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस बैठक में ब्रिक्स सदस्य देशों के वरिष्ठ अधिकारियों, तकनीकी विशेषज्ञों और प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया. बैठक में टीसीआईएम के क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करने और ब्रिक्स एक्सपर्ट वर्किंग ग्रुप के गठन पर आम सहमति बनी. नौ सदस्य देशों ने लिया भाग-बैठक में ब्राजील, चीन, मिस्र, इथियोपिया, भारत, ईरान, रूस, दक्षिण अफ्रीका और संयुक्त अरब अमीरात के प्रतिनिधियों ने भाग लिया. इस दौरान पारंपरिक, पूरक और एकीकृत चिकित्सा के क्षेत्र में सर्वोत्तम प्रथाओं, नीतिगत अनुभवों और वैज्ञानिक प्रगति के आदान-प्रदान पर चर्चा हुई. बैठक का आयोजन ब्रिक्स अध्यक्षता की थीम लचीलापन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता के लिए निर्माण के तहत किया गया.


### भारत ने बना ली ड्रोन्स-मिसाइल की आत्मा

**नई दिल्ली.** भारत को रक्षा और एयरोस्पेस तकनीक में पूरी तरह से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक और ऐतिहासिक सफलता मिली है. भारतीय डीपटेक स्टार्टअप पाणिनियन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने अपने नए यंतुर 4 .5 केएन टर्बोफैन इंजन प्रोग्राम को दुनिया के सामने रखा. निजी क्षेत्र द्वारा तैयार किया गया यह स्वदेशी इंजन भविष्य के लंबी दूरी के ड्रोन्स, कॉम्बैट यूएवी और क्रूज मिसाइलों के लिए देश को अपनी संप्रभु और स्वदेशी प्रोपल?शन तकनीक प्रदान करेगा. इस इंजन की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह पूरी तरह से स्केलेबल है. इसे भविष्य की आवश्यकताओं के अनुसार 12 .5 केएन की क्षमता तक लेजाया जा सकता है.

## हस्तियों के ट्वीट



पोडकास्टर राज शामनी ने हाल ही में सोशल मिडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि आपका दिमाग बार-बार किसी काम से बचने की आदत को डर में बदल देता है. जब आप पहली बार किसी काम से बचते हैं, तो आपको राहत महसूस होती है. लेकिन पाँचवीं बार वही काम डरावना लगने लगता है। किसी काम से बचने की आदत डर को और बढ़ाती है.



सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने हाल ही में सोशल मिडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि जब सरकार न सुनेगी बच्चों की आवाज़्तब विपक्ष को सड़कों पर आना ही होगा! मुखिया जी के दरवाजे पर जाना ही होगा!जब बच्चों पे बेरहमी से होगा निर्मम वारज्तब विपक्ष को सड़कों पर आना ही होगा!मुखिया जी के दरवाज़े पर जाना ही होगा! जब सरेआम बच्चियों के फटेंगे लिबासज्तब विपक्ष को सड़कों पर आना ही होगा!


## कार्यालय नगर परिषद राऊ जिला इंदौर

क्रमांक / 1442 / लो.नि./ न.प./ 25-26 | Email: cmorau@mpurban.gov.in | दिनाक 20.07.2026

-निविदा आमंत्रण सूचना -

एतद् द्वारा समस्त समक्ष श्रेणी पंजीकृत ठेकेदार/ फर्म को सूचित किया जाता हैं कि ऑनलाईन टेण्डर ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम पोर्टल (http:/www.mptenders.gov.in) के माध्यम से दरें आमंत्रित की जाती हैं। निविदाओं का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. | ऑन लाईन टेण्डर क्रमांक | कार्य की समयावधि अनुमानित एवं लागत (रूपये में) | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD (रुपये में) | निविदा जारी दिनांक | निविदा क्रय की अंतिम तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 5 | | 4 |
| 1 | 2026_UAD_522855_1 | 12 माह 250.00 लाख | REQUEST FOR PROPOSAL FOR VARIOUS CIVIL AND ELECTRICAL WORKS LIKE CONSTRUCTION, DEVELOPMENT, BEAUTIFICATION, REPAIRING/ MAINTENANCE WORKS AT VARIOUS PLACES IN VARIOUS WARDS IN NAGAR PARISHAD RAU, DISTRICT INDORE (M.P.) | 1. 15,000/- 2. 300000/- | 20/07/2026 | 19/08/2026 समय - 18.30 बजे |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन टेण्डर ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम पोर्टल (http:/www.mptenders.gov.in) पर ही किया जाएगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जाएगा।

( श्रीमती पप्पी विजय पाटीदार )
अध्यक्ष,
नगर परिषद, राऊ (इंदौर)

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद, राऊ (इंदौर)

## कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर

### विद्युत विभाग

E-mail: imcvidhyutvibhag@gmail.com

विज्ञप्ति क्र.: 20/26-27/
ई टेंडर C.E/E&M

**निविदा सूचना**

दिनांक: 21/07/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों/ फर्मों से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026-UAD-523125 21-07-2026 | झोन क्र. 10 वार्ड क्र. 40 के अंतर्गत यूरेपियन गार्डन (मालव वाटिका) में प्रकाश व्यवस्था संबंधी कार्य। | 2 माह ₹13,72,569/- | ₹2,000/- ₹10,500/- | 21.08.2026 5:30 PM |
| 2 | 2026-UAD-523131 21-07-2026 | झोन क्र. 22 वार्ड क्र. 36 के अंतर्गत हरेकृष्ण विहार में यूरेपियन गार्डन (मालव वाटिका) में प्रकाश व्यवस्था संबंधी कार्य। | 2 माह ₹13,82,812/- | ₹2,000/- ₹10,400/- | 21.08.2026 5:30 PM |

निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in/ की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

प्रतिबंधित पॉलिथीन, कैरीबैग के निर्माण/ विक्रय/ उपयोग करने पर दंड व सजा का प्रावधान है।

नगर शिल्पज्ञ
नगर पालिक निगम, इन्दौर

## पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank

...the name you can BANK upon!

शाखा : जवाहर मार्ग, वैष्णव स्कूल के सामने, इन्दौर-452007

**मांग सूचना**

### वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना (सरफेसी अधिनियम)

नीचे लिखे गए बकायादारों/जमानतदारों को जो बैंक के ऋण पुर्नभुगतान नहीं कर रहे है एवं नीचे दी गई दिनांक को एनपीए हो गया है, पंजाब नेशनल बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 में वर्णित प्रवधानों के अंतर्गत यह सूचित किया जाता है की वर्णित पूर्ण बकाया धन राशि एवं ब्याज एवं अन्य खर्चो का **60 दिवस** के अंदर भुगतान नहीं किया जाता है तो बैंक द्वारा सरफेसी एक्ट, 2002 की धारा 13(4) में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए संपत्तियों का आधिपत्य लेकर सार्वजनिक घोष विक्रय के माध्यम से बकाया राशि की वसूली कि जाएगी उधार लेने वाले ऋणियों/जमानतदारों को विशेष रुप से एवं आम जन को साधारण रुप से इस नोटिस के द्वारा सावधान किया जाता है की यह संपत्ति के संबंध में कोई व्यवहार न करें और संपत्ति के संबंध में किसी भी प्रकार का व्यवहार **पंजाब नेशनल बैंक**, को देय सम्पूर्ण राशि ब्याज सहित के लिए पंजाब नेशनल बैंक के प्रभाव के अधीन होगा।

| ऋणी/जमानतदार का नाम, पता एवं खाता संख्या | चल / अचल संपत्ति का विवरण | एनपीए दिनांक / मांग सूचना दिनांक | बकाया राशि (रू.) |
|---|---|---|---|
| **श्री किशन आहूजा पिता श्री टेकचंद आहूजा श्रीमती मधु आहूजा पति श्री किशन आहूजा** **पता:** ई-85, द्वितीय मंजिल, लवकुश आवास विहार, एमआर-10, सुखलिया कॉलोनी, इन्दौर-452010 **पता 2:** फ्लैट नं. 102, सी 1 का प्रथम मंजिल , ब्लॉक / बिल्डिंग शालीमार प्रोजेक्ट में , सेक्टर - 1 / फेस ए-1, ग्राम कबीटखेड़ी, तहसील एवं जिला इन्दौर, म.प्र.-452010 **शाखा : जवाहर मार्ग, इन्दौर** | फ्लैट नं. 102, सी 1 का प्रथम मंजिल , ब्लॉक / बिल्डिंग शालीमार स्वयं प्रोजेक्ट में , सेक्टर - 1 / फेस ए-1, ग्राम कबीटखेड़ी, तहसील एवं जिला इन्दौर, म.प्र.-452010, **कुल बिल्टअप क्षेत्रफल** 704.00 वर्गफीट, **चर्तु:सीमा:** पूर्वः ब्लॉक सी-1 का फ्लैट नं. 103, पश्चिमः खुली जगह, उत्तरः ब्लॉक सी-2 का फ्लैट नं. 104, दक्षिणः ब्लॉक सी-1 का फ्लैट नं. 101, **संपत्ति स्वामी:** श्री किशन आहूजा पिता श्री टेकचंद आहूजा एवं श्रीमती मधु आहूजा पति श्री किशन आहूजा | 08.06.2026 / 06/07/2026 | **Rs. 28,63,671/-** + आगे का ब्याज + अन्य खर्चे दि. 01/07/2026 से लागू |

उक्त अधिनियम के तहत जारी उक्त मांग नोटिस संदर्भित ऋणियों/जमानतदारों को उनके उपलब्ध पते पर भेजे जा चुके है। (1) नोटिस की विस्तृत जानकारी/प्रति किसी भी कार्य दिवस को **पंजाब नेशनल बैंक**, की संबंधित शाखा से प्राप्त की जा सकती है। (2) सरफेसी अधिनियम के अंतर्गत आगे की कार्रवाई से बचने के लिए कृपया आज से 60 दिनों के भीतर उपरोक्त मांग सूचना में उल्लेखित ब्याज और लागत आदि के साथ बकाया राशि का भुगतान करें।

**स्थान : इंदौर, दिनांक : 23.07.2026**

प्राधिकृत अधिकारी,
पंजाब नेशनल बैंक

## TATA
## टाटा कैपिटल हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : 11 वीं मंजिल, टॉवर ए, पेनीनसुला बिजनेस पार्क, गणपतराव कदम मार्ग लोवर परेल, मुम्बई-400013.
शाखा कार्यालय : टाटा कैपिटल हाउसिंग फाईनेंस, तीसरी मंजिल, यूनिट 301, एनआरके टेक पार्क, प्लॉट नंबर 94, रिंग रोड, रेडिसन स्क्वायर के पास, इंदौर, मध्य प्रदेश 452010

### अचल संपत्ति की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

**(सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) सपठित नियम 9(1) के तहत)**
**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) सपठित नियम 9(1) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु 15 दिवसीय ई-नीलामी सूचना**

एतद्द्वारा सर्व सामान्य और विशेषकर अधोलिखित कर्जदार और/सह-कर्जदार या उनके कानूनी उत्तराधिकारियों/प्रतिनिधियों (कर्जदारों) को सूचित किया जाता है कि टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लि. (टीसीएचएफएल), को बंधक अधोल्लिखित अचल संपत्ति जिसका टीसीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कब्जा लिया गया, अधोलिखित कर्जदार और सह-कर्जदार से कुल बकाया राशि की वसूली के लिए **'जो है जहाँ है' और 'जहाँ है, जैसा भी है' और 'जो भी हैं'** आधार पर दिनांक **11-08-2026** को बिक्री की जायेंगी। आरक्षित मूल्य और धरोहर राशि जमा निम्न वर्णित हैं। एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि बिक्री के किसी स्थगन / बाधा के अभाव में उक्त संपत्ति ई-नीलामी के माध्यम से दिनांक **11-08-2026** को दोपहर **2:00** बजे बिक्री की जायेगी। संपत्ति खरीद के लिए मुहरबंद ई-नीलामी हेतु ईएमडी राशि का डिमांड डाफ्ट टीसीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा दिनांक **10-08-2026** को समय सायं **5.00** बजे तक शाखा कार्यालय : **टाटा कैपिटल हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड,** तीसरी मंजिल, यूनिट 301, एनआरके टेक पार्क, प्लॉट नंबर 94, रिंग रोड, रेडिसन स्क्वायर के पास, इंदौर, मध्य प्रदेश 452010 पर जमा किया जाना चाहिए। प्रत्याभूत संपत्ति/अचल संपत्ति की बिक्री 'जैसी है जहाँ है शर्त' निम्न अनुसूची में उल्लिखित संक्षेप विवरणों के अनुसार होगी।

| क्रं | ऋण खाता क्रं. | ऋणी(यों)/सह-ऋणी(यों)/ कानूनी वारिस(सों)/ जमानतदा(रों) के नाम | मांग सूचना दिनांक | आरक्षित मूल्य | बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | TCHHL0284000100179999 & TCHHF0284000100180494 & TCHIN0284000100182269 & TCHIN0284000100242408 | श्री बलवंत वर्मा श्रीमती घामा बाई | Rs. 17,23,647/- 10-10-2025 | ₹ 16,90,000/- अग्रिम जमा राशि (ईएमडी): - ₹ 1,69,000/- कब्जे का प्रकार : भौतिक | Rs. 19,14,115/- 09-07-2026 |

**अचल संपत्ति का विवरण:** अचल संपत्ति का समस्त भाग एवं अंश, उत्तर से दक्षिण की ओर प्लॉट नं. 136-ए/1, रॉयल टाउन, ग्राम महूगाँव, तहसील महू, जिला इंदौर, मध्य प्रदेश। क्षेत्रफल 450 वर्ग फीट (यानी 41.82 वर्ग मीटर)। **चर्तुसीमाएँ:** पूर्वः इस प्लॉट का शेष भाग, पश्चिम: सड़क, उत्तर: प्लॉट नंबर 137-ए, दक्षिण: इस प्लॉट का शेष भाग

**नोट :- बोली लगाने वालों को सलाह दी जाती है कि बोली जमा करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें। नीलामी किसी भी मुकदमे या विवाद के नतीजे पर निर्भर होगी।**

नीलामी में, आम जनता को व्यक्तिगत रुप से अपनी बोली प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया जाता है। हालाँकि, इस बिक्री के संबंध में कोई भी कर्तव्य निभाने वाला कोई भी अधिकारी या अन्य व्यक्ति, बेची गई अचल संपत्ति में कोई भी हित प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष स्त्र्र से बोली नहीं लगाएगा, प्राप्त नहीं करेगा या प्राप्त करने का प्रयास नहीं करेगा।

बिक्री प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 में निर्धारित शर्तों और निम्नलिखित अतिरिक्त शर्तों के अधीन होगी:

**कृपया ध्यान दें: ई-नीलामी पोर्टल https://auctionbazaar.com के माध्यम से दिनांक 11-08-2026 को दोपहर 2.00 बजे से 3.00 बजे के बीच प्रत्येक 5 मिनट अवधि के असीमित विस्तार के साथ होगी।**

**नियम और शर्ते : 1**. अनुसूची में दिया विवरण अधोहस्ताक्षरी के पूर्ण ज्ञान व जानकारी में दिया गया है, किंतु इस उदघोषणा अधोहस्ताक्षरी किसी त्रुटी, गलती या चूक के लिए अधोहस्ताक्षरी जवाबदेय नहीं होगा। बोली राशि या निविदाकार संबंधी किसी विवाद की स्थिति में अचल संपत्ति को दुबारा नीलामी के लिए रखा जायेगा। **2**. संपत्ति आरक्षित मूल्य से कम पर नहीं बेची जायेगी। **3**. बोली वृद्धि राशि: **रु.10,000/- (दस हजार मात्र) 4**. संपत्ति की खरीद के लिए सभी निविदाएँ **'टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड'** के पक्ष में और उपरोक्त शाखाओं में देय डिमांड ड्राफ्ट के साथ जमा की जाएं। असफल निविदाकारों के डिमांड ड्राफ्ट वापस कर दिए जायेंगे। आरटीजीएस/ एनईएफटी/ आईएमपीएस के माध्यम से ईएमडी के भुगतान के लिए प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क करें। **5**. उच्चतम बोलीकारी को संबंधित लॉट का खरीदार घोषित किया जायेगा, बशर्ते वह विधिक रूप से बोली लगाने के लिए योग्य हो और उसकी बोली राशि आरक्षित मूल्य से कम न हो। 'प्राधिकृत अधिकारी' को अपने विवेक से उच्चतम बोली को अस्वीकार करने का अधिकार होगा जब उसे लगे कि पेशकश मूल्य स्पष्टरूप से अपर्याप्त है। **6**. उपलब्ध कारणों से 'प्राधिकृत अधिकारी ' को अपने विवेक से बिक्री को स्थगित / रोकने का अधिकार होगा। **7**. संपत्ति की निरीक्षण दिनांक **04-08-2026** को **सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे** तक किया जा सकेगा। **8**. खरीददार घोषित व्यक्ति को ऐसी घोषणा के तुरंत बाद क्रय राशि की पच्चीस प्रतिशत राशि जिसमें ईएमडी राशि शामिल होगी प्राधिकृत अधिकारी के पास 24 घंटे के अंदर जमा करनी होगी, यह राशि जमा न किए जाने की स्थिति में संपत्ति नई नीलामी/निजी संधि द्वारा बिक्री के लिए रखी जायेगी। **9**. उपरोक्त अनुसार प्रारंभिक राशि जमा कर दिए जाने पर क्रय राशि की शेष राशि संपत्ति की बिक्री की पुष्टि होने की तारीख से 15 दिनों तक खरीदार द्वारा 'प्राधिकृत अधिकारी को जमा करनी होगी, यदि 15वें दिन कोई रविवार या अन्य अवकाश होता है तो 15वें दिन के बाद प्रथम कार्य दिवस को जमा करनी होगी। **10**. उपरोक्तानुसार भुगतान न होने पर संपत्ति नई नीलामी / निजी संधि द्वारा बिक्री के लिए रखी जायेगी। सभी जमा राशि टाटा कैपीटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के पास जब्त हो जायेगी और चूककर्ता खरीदारें संपत्ति पर अपने सभी दावे खो देगा। **11**. टाटा कैपिटल हाउसिंग फाईनेंस लि. को ज्ञात ऋणभारों जिनके लिए संपत्ति देनदार है का विवरण-कोई नहीं, दावे, यदि कोई हों, जो संपत्ति के लिए प्रस्तुत किए गए हों और इसकी प्रकृति और मूल्य से संबंधित कोई अन्य ज्ञात विवरण: उपरोक्त तालिका के अनुसार। उपरोक्त अनुसूची के विवरण अनुसार इच्छुक बोलीदाता को सलाह दी जाती है कि वहां के संपत्ति कर, बिजली आदि के सांविधिक देनदारियों क्षेत्रों सहित संपत्ति पर ऋण भार के बारे में स्वयं जांच करें। **12.** अन्य किसी विवरण के लिए अथवा ई-नीलामी पर प्रक्रिया ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए संभावित बोलीदाता सेवा प्रदाता, **अर्का ईमार्ट प्रायवेट लिमिटेड, 6-3-1090/1/1, दूसरी मंजिल, पार्ट बी, उमा हैदराबाद हाउस, राजभवन रोड़, सोमाजीगुडा, हैदराबाद 500082, ई-मेल आईडी : contact@auctionbazaar.com / support@auctionbazaar.com के माध्यम से अथवा मनीष बंसल, ईमेल आईडी manish.Bansal@tatacapital.com प्राधिकृत अधिकारी, मोबाईल नंबर 8588983696 पर संपर्क कर सकते हैं। कृपया अपना प्रश्न व्हाट्सएप नंबर 9999078669 पर भेजें । 13.** उच्चतम घोषित बोली राशि पर उच्चतम बोली दाता द्वारा 1% का टीडीएस लागू और देय होगा। भुगतान उच्चतम बोलीदाता द्वारा मालिक/उधारकर्ता (ओं) के पैन में जमा करना आवश्यक है और चालान की प्रति हमारी कंपनी को प्रस्तुत की जाएगी। **14**. उपरोक्त विवरणों के लिए कृपया प्रदान की गई प्रत्याभूत ऋणदाता की वेबसाइट **https://surl.li/ndanhy** का संदर्भ लें। **15**. कृपया इस लिंक पर भी जाएं : **https://www.tatacapital.com/property-disposal.html**

**कृपया ध्यान दें:** टीसीएचएफएल ने इस संपत्ति की बिक्री/नीलामी के लिए उल्लिखित नीलामी भागीदार के अलावा किसी दलाल / एजेंट को नहीं लगाया है। इच्छुक पक्षों को इस मामले में सभी प्रश्नों और जांच के लिए केवल अधोहस्ताक्षरी या अधिकृत कार्यालय से संपर्क करना चाहिए।

ह/-
(प्राधिकृत अधिकारी)
टाटा कैपिटल हाउसिंग फाईनेंस लि.

**स्थान : इन्दौर**
**दिनांक : 23.07.2026**